cf the Assistants Grade who have lendered not less than eight years' approved service in that Grade and are within the range of seniority can be added in the Select List. The range *Gt* seniority for this purpose was fixed for each Select List.

केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा निर्भय होकर सनाचार देने की अपील के बाद सामने आये भ्रष्टाचार के मामलों के समाचार

8270. श्री दिलीप सिंह जूदेव : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा 1994-95 के दौरान लोगों को निर्भयता से भ्रष्टाचार के मामलों के बारे में सूचना देने के लिए अपील करने के बाद ऐसे कितने मामले प्रकाश में आये हैं ;

(ख) 31 अक्तूबर, 1994 तक कितने मामलों का पता लगाया गया और ये मामले किन-किन विभागों से संबंधित थे और उनके निकट विरुद्ध क्या-क्या कार्यवाई की गई है ; और

(ग) क्या सरकार ऐसी कार्यवाही करने के लिये राज्य सरकारों को मार्ग-दर्शन और सहायता देने का विचार रखती है ; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा

(क) केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा विभिन्न विभागों के सरकारी अधिकारियों द्वारा रिश्वत मांगने तथा इसे स्वीकार करने के आरोपों के संबंध में सूचना देने की जनता से अपील करने के बाद अब तक 45 मामले दर्ज किये गये हैं।

(ख) 31 अक्तूबर, 1994 तक ऐसे कुल 25 मामलों का पता लगा। संबंधित विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध मामलों की संख्या को विवरण में दिया गया है। (नीचे देखिए) । पूरी जांच करने के पश्चात् 25 में से 18 मामलों को विचारण हेतु भेज दिया गया, 5 को आरोपित अधिकारियों के विरुद्ध नियमित विभागीय कार्यवाही की सिफारिश करते हुए उनके विभागों को भेज दिया, एक मामले में उपयुक्त कार्यवाही की सिफारिश की गई। बचे हुए एक मामले की सभी जांच की जा रही हैं तथा इसका विरोध विधि के अनुसार निपटान किया जाएगा।

(ग) विधि के प्रावधानों के अनुसार राज्य सरकारें अपने क्षेत्रों में भ्रष्टाचार के विरुद्ध उपयुक्त कार्यवाई करने में पूर्ण रूप से सक्षम हैं।

विवरण

विभाग का नाम	मामलों की संख्या
नयू इण्डिया एशोरेंस कम्पनी	1
कस्टमस	1
दिल्ली विकास प्राधिकरण	3
डेसू	1
एम०टी०एन०एल०	6
दिल्ली पुलिस	4
दिल्ली नगर निगम	2
डाक विभाग	1
गैर-सरकारी व्यक्ति	1
आय कर	2
क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय	1
दूरदर्शन	1
एन०पी०सी०सी० (राष्ट्रीय परियोजना)	1
निर्माण निगम लिमिटेड	–
	–
	25